महत्वपूर्ण निर्देश

मार्च–2026 में सम्पन्न होने वाली जी0एन0एम0 / ए0एन0एम0 / सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान (पैरामेडिकल) डिप्लोमा प्रशिक्षण व फार्मेसी) डिप्लोमा प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के अर्ह छात्र / छात्राओं की परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें, जो निम्नानुसार हैं :–

1. मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के मार्क्स एवं प्रयोगात्मक / लिखित परीक्षाओं के टर्म मार्क्स, मार्क्स इन्ट्री पैनल पर अपलोड करें (अनुपस्थिति के लिए शून्य (Zero) का प्रयोग न करें, अनुपस्थिति के लिए "A" का प्रयोग करें। किसी भी दशा में खाली स्थान (Blank) न छोड़ें) तथा अपलोड करने के उपरान्त उसकी एक प्रति उसी दिन **प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष द्वारा सत्यापित** कराकर कार्यालय के ई–मेल **attendancesheet@upsmfac.org** पर एवं **मूल प्रति पंजीकृत डाक के माध्यम से** अवश्य प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उक्त प्रक्रिया का अनुपालन कठोरता से करें अन्यथा की दशा में परीक्षाफल घोषित करना सम्भव नही होगा। तत्पश्चात्, मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के मार्क्स एवं प्रयोगात्मक / लिखित परीक्षाओं के टर्म मार्क्स में किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु प्राप्त पत्रों / आवेदनों पर विचार किया जाना सम्भव नही होगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व प्रशिक्षण संस्थान का होगा।
2. इस कार्यालय के Center Login Panel में **Mark Attendance (Present/Absent)** लिंक पर प्रत्येक दिन की परीक्षा की समाप्ति के पश्चात सभी प्रशिक्षणों / विषयों में सम्मिलित समस्त छात्र / छात्राओं की उपस्थिति / अनुपस्थिति एवं प्रयुक्त उत्तपुस्तिका का सीरियल नम्बर की सूचना अवश्य दर्ज करना सुनिश्चित करें।
3. प्रत्येक दिन की विषयवार उपस्थिति तालिका स्कैन करके परीक्षा से सम्बन्धित विवरण यथा परीक्षा की तिथि, कॉलेज कोड, विषय कोड, उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या की तालिका बनाकर परीक्षा सम्पन्न होने के 01 घण्टे के भीतर कार्यालय की ई–मेल **attendancesheet@upsmfac.org** पर अवश्य प्रेषित करें।
4. प्रत्येक प्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं को विषयवार प्रत्येक पैकेट में परीक्षार्थियों की उपस्थिति तालिका की छायाप्रति व परीक्षा में प्रयोग किया गया प्रश्न–पत्र अवश्य भेजना सुनिश्चित करें। उपस्थिति तालिका उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड बंडल के साथ न होने की दशा में उनका मूल्यांकन कराना सम्भव नहीं हो सकेगा।

नोटः–**मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के मार्क्स एवं प्रयोगात्मक / लिखित परीक्षाओं के टर्म मार्क्स / विषयवार उपस्थिति तालिका को कार्यालय की ई–मेल attendancesheet@upsmfac.org पर व स्पीड पोस्ट / आर0एम0एस0 (इण्डिया पोस्ट) की रसीद को कार्यालय की ई–मेल dispatchreceipt@upsmfac.org पर ही भेजना सुनिश्चित करें। उपरोक्त के लिए कार्यालय की अन्य ई–मेल का प्रयोग न करें।**

परीक्षा विभाग